तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025




14 साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर लिया ...





12 विकसित इलाकों में महंगी होगी जमीन...



## खबर संक्षेप

### वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने पर कार्रवाई

**भिलाई।** ऑपरेशन नो एंट्री वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि बिना हेलमेट की वजह सें होने वाली मौत, मालवाहक में सवारी ले जाते वाहनों को रोकने, शराब के नशे में वाहन चालाने वाले मौत को रोकने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालको पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान सात ब्लैक फिल्म लगे वाहन पर कार्रवाई की गई। मोटर व्हीकल के तहत कार्रवाई किया गया।

### सूने मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** दो अलग-अलग सूने मकानों का ताला टूटने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ढांचा भवन कुरूद निवासी शरद यादव 23 मार्च को मकान में ताला जड़कर परिवार समेत लिमोरा गुण्डरदेही शादी में गया था। 24 मार्च की सुबह 8 बजे मकान वापस लौटा तो सामने का दरवाजे का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर में रखे सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। वहीं दूसरी चोरी कुरूद निवासी यशोदा साहू के यहां हुई है। इनका पति राजस्थान आर्मी में है। 19 मार्च की सुबह मकान में ताला जड़कर मायके नवा रायपुर महिला गई थी। 24 मार्च की सुबह सास तिजिया बाई ने मकान में चोरी होने की सूचना दी। तब पीड़िता घर लौटी तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। आलमारी से नगदी अज्ञात ने पार कर फरार हो गया था।

### मकान से 55 हजार के जेवरात चोरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि 153/5,विवेकानंद नगर, न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी तिरिथ राम केंवट की बड़ी बेटी कोरबा में जलने से उसका उपचार कराने के लिए परिवार 25 फरवरी की सुबह मकान में ताला जड़कर निकला था। 17 मार्च को पडोसियों ने फोन से सूचना दिया कि मकान में चोरी हो गई। मकान में आकर देखने पर ताला टूटा पड़ा मिला। मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने एक सोने का पेंडेंन्ट, चांदी का पायल 4 नग, चांदी का सिक्का, एक 50 ग्राम और दूसरा 20 ग्राम गायब हो गया है। जिसकी कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### टाटा मैजिक और ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** दो अलग-अलग वाहनों में अचानक आग लगने से वाहन बुरी तरह जलने का मामला सामने आया है। घटना पुलगांव और कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। सूचना पर मौके में दमकल कर्मियों के पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया। मैजिक वाहन में चालक और दो बच्चे बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक पुलगांव चौक के आगे चलते हुए टाटा मैजिक सीजी 24 जे 6252 पर आग लग गई है। दमकल की टीम को मौके पर तत्काल पहुंच गया। अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए वाहन की आग को पर काबू पाया। आग बुझाने में एक दमकल पानी की जरुरत पड़ी। वाहन का मालिक देव प्रसाद साहू है। वाहन पर एक चालक और दो बच्चे जा रहे थे। नेशनल हाइवे कुम्हारी में चलते हुए ट्रक सीसी 07 सीजी 6833 में आग लग गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर कर्मियों ने जलते हुए ट्रक से आग को बुझाया गया। ट्रक मलिक बलविंदर सिंह है और वाहन चालक आग लगते ही समय पर ट्रक से बाहर आकर अपनी जान बचाई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। वाहनों में आग लगने की घटना लगातार बढ़ रही है। कारण गर्मी हो सकता है।

कार्यक्रम

गायत्री शक्तिपीठ, दल्लीराजहरा में हुआ सम्मान समारोह

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 का आयोजन पूरे भारत देश में किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश में जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परिसर का सम्मान समारोह गायत्री शक्तिपीठ, दल्लीराजहरा में आयोजित किया गया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना तथा सांस्कृतिक चेतना जागृत कराना ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति का निकट से परिचय कराना, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को दैनिक जीवन में जोड़ना एवं जीवन में उतारना तथा नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, पर्यावरण, खेलकूद आदि का ज्ञान संवर्धन करना है। जिला स्तर में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों तथा शिक्षकों का सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसी मर्कले जिला शिक्षा अधिकारी बालोद थे, अध्यक्षता रामपाल तिवारी संयोजक, भासं ज्ञान परीक्षा, छ.ग. थे। कार्यक्रम में कक्षा पांचवी से लेकर कॉलेज तक के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक हीरालाल पवार, मुख्य ट्रस्टी हुलास कुमार देवांगन गायत्री जिला सचिव पुरुषोत्तम लाल सोनवानी, विजेंद्र विश्वकर्मा, नंदकिशोर पिस्दा, कुलेश भारद्वाज, टीकम लाल साहू, सोनसाय लटियारे, धर्मपाल नायक, डोमन यादव, संतोष कुमार कोराटिया, संगीता कोराटिया, अर्चना देशमुख, रेणुका गंजीर, हेमलता यादव, दमयंती पवार, बंशी रावटे अशोक कुमारी उपस्थित थे।





### भारतीय संस्कृति हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : भटनागर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीएस भटनागर जिला समन्वयक ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, परीक्षा नहीं है अपितु भारतीय संस्कृति से परिचित कराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। भारतीय संस्कृति एक देवता बनने की सीढ़ी है। सुबह सूर्योदय से पहले उठना और बड़ों का आदर करना जीवों के प्रति दया, पेड़ पौधे के से प्यार यह सब भारतीय संस्कृति है भारतीय साहित्य से बड़ा कोई साहित्य नहीं है। यहां बच्चों को संस्कार दिए जाते हैं जो आगे चलकर अपना पिता का घर गांव शहर और देश का नाम रोशन करते है। कृष्ण कुमार विनोद प्रज्ञा पुत्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति मानव को देवत्व बनाने की कला है। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मार्कले, विकास खंड शिक्षा अधिकारी डौंडी जय सिह भारद्वाज ने भी संबोधित किया।



### विदेशी हमारी संस्कृति को सीखने भारत आते हैं : रामगोपाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामगोपाल तिवारी संयोजक भारती संस्कृति ज्ञान परीक्षा ने कहा कि सन 1835 में ब्रिटिश पार्लियामेंट में मैकाले ने एक बात रखी कि यदि भारत को गुलाम बनाना है तो उनकी पढ़ाई लिखाई आचार विचार का तरीका बंद करना पड़ेगा। उसके बाद धीरे-धीरे भारतीय संस्कृति के गुरुकुल को बंद कर दिया गया। गुरुकुल में बच्चे पढ़ाई करते थे उसे आगे बड़े गुरुकुल में जाते थे और अंत में नालंदा जैसे विशाल गुरुकुल में पढ़ाई करने पहुंचते थे। वहां सारे विषयों की पढ़ाई होती थी जहां विदेशो से भी विद्यार्थी पढ़ाई करने आते थे। जिस चीज को आज कंप्यूटर गणना कर रहा है, उस गणना को पहले ही हमारे गुरुकुल के आचार्य, ऋषि मुनि निर्धारित करते थे। हमारे वेद पुराणों में आकाशीय खगोलीय घटनाओं के मार्ग पर सारी बातें बताई गई हैं। जब विदेशों में पता चला कि वेदों में विमान की संरचना के दिशा निर्देश लिखी गई है, उसे सीख कर जर्मनी ने हवाई जहाज की खोज की। यह हमारी संस्कृति है। विदेशी हमारी संस्कृति को सीखने और समझने के लिए भारत आते हैं और हम विदेशी संस्कृति को अपनाने के लिए आतुर हो रहे हैं। यह हमारे लिए बहुत बड़ी विडंबना है। भारतीय संस्कृति पढ़ने और अभ्यास तक नहीं है, उसे अपने जीवन में उतारने की है। हमारी संस्कृति बहुत सरल है हमारी संस्कृति में कहा जाता है कि सूर्य आपको सोते हुए ना देखें। इसका मतलब है आपको सूर्योदय से पहले उठना होगा। दूसरी बात घर में सभी बड़ों का चरण स्पर्श करें।

### इन बच्चों को किया गया पुरस्कृत

मिली जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमशः हिमांशु साहू पिता खिलावन सिंह साहू, किरण पिता गिरवर सिंह, निखिल कुमार पिता वेदराम, कक्षा छठवीं से वंश निषाद पिता पलटन, पीयूष पटेल पिता भाग चरण पटेल, हिमांशी ठाकुर पिता चंद्र कुमार ठाकुर, कक्षा सातवीं सुष्मिता पिता योगेश्वर सोनभद, अदिति सिंह पिता निर्मल कुमार सिंह, छाया साहू पिता मेघनाथ साहू और कक्षा आठवीं से प्रथम कामेश्वरी साहू पिता राकेश कुमार, द्वितीय साक्षी पिता नील कुमार तथा तृतीय गीता साहू गीतांजलि दीपक साहू को सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा नवमी से निशिता साहू पिता राम कृष्णा साहू, विद्या यादव माँ साक्षी यादव, कृतिका पिता हुकूमत, कक्षा10वीं से गरिमा सोनी पिता राकेश कुमार सोनी, ख्याति पिता सरवन कुमार, कल्याणी पिता योगेंद्र कुमार, कक्षा 11 वीं से नोबिता देवांगन भोमाराम देवांगन, योगिता सिंह पिता सुरेश कुमार सिंह तथा उषा कॉमड़े पिता हेमंत कामड़े को सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा 12वीं से प्रथम राजेश कुमार पिता डोमन लाल, गिरीश कुमार पिता रघुनंदन कुमार, हिमांशु यादव पिता जगदीश राम यादव व कालेज स्तर पर प्रथम प्रियांशु बारले पिता तीरथ राम बारले, द्वितीय विकास पटेल पिता खोरबाहरा राम तथा तृतीय धरती साहू पिता दुष्यंत कुमार को सम्मानित किया गया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष टेकाम ने साहू समाज की एकजुटता की सराहना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- अंचल के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कर्मा जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल हुए

नगर पंचायत अध्यक्ष निवेंद्र सिंह टेकाम मंगलवार को विभिन्न गांव में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने साहू समाज के लोगों की एकजुटता की सराहना करते हुए समाज को शिक्षित और नशा मुक्त करने की अपील की।

श्री टेकाम ग्रामीण साहू समाज के तत्वाधान में ग्राम अण्डी में आयोजित भक्त मां कर्मा जयंती में शामिल हुए। इस दौरान शोभायात्रा निकालने के बाद भक्त माता कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा कर आरती की गई। शाम 4 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन हुआ। रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी पंडवाणी गायिका यशोमति सेन ग्राम बोरिद वि.खं. फिगेश्वर जिला गरियाबंद की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रेमन सिंह अटल अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज अण्डी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में टिकेश्वरी साहू जनपद सदस्य डौण्डीलोहारा, विशेष अतिथि संतोष कुमार जैन सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, विद्या दीनदयाल साहू कोहका भिलाई, डॉ. भागवत राम साहू, चंद राम ठाकुर, राम किशन ठाकुर, संत राम पोंगरा, हिरई बाई ठाकुर, धनेश्वरी रेमन अटल, देवलाल मालेकर, राम सिंह पटेल, भाव सिंह यादव, रामकिशन शर्मा गणेश राम सिन्हा, सुफल दास मानिकपुरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसी तरह श्री टेकाम मंगचुवा ग्रामीण साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासी डूमरटोला के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रेंगाडबरी मंडल अध्यक्ष युवराज साहू ने की।

उनके साथ ग्रामीण अध्यक्ष भानु राम साहू, जनपद सदस्य मानकीबाई, जुन्नापानी सरपंच श्वेता पोर्ते, मंगचुआ सरपंच उमा पूनम चंद जैन, रेंगाडबरी सरपंच भावना जयेश जैन, कुदारीदल्ली सरपंच रिस्की कोमल दुग्गा, तुरमुड़ा सरपंच चेतराम, करतूटोला सरपंच हरक राम, करेंगांव सरपंच रेलहा राम, ग्राम पटेल अशोक सहारे, मनोहर ओटी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भूतपूर्व सचिव जानसिंह साहू, उपाध्यक्ष देवार सिंह साहू, सचिव संपत हिरवानी, संरक्षक कवल सिंह साहू, कोषाध्यक्ष श्यामलाल साहू, भगवानी राम, बुधेराम साहू सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# कम हुई कुछ हरी सब्जियों की कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- आलू 15-16 तो प्याज की कीमत 25 रूपए तक पहुंची

गर्मियों में हरी सब्जियों की कीमतें आमतौर पर बढ़ने के बजाय, इस बार दल्लीराजहरा में कुछ हरी सब्जियां सस्ती हुई हैं, जो एक अच्छा संकेत है। गर्मी ने अब धीरे-धीरे दस्तक देना शुरू कर दिया है, लेकिन हरी सब्जियों के दामों में अभी कोई खास बदलाव नहीं आया है। सब्जियों के भाव अभी भी सामान्य बने हुए हैं।

टमाटर, धनिया और हरी मिर्च आम आदमी के बजट में रहकर बिक रहे हैं। वहीं आलू और प्याज के दामों में गिरावट देखी गई है। आलू का दाम 25 से 30 रुपये किलो से घटकर अब 15 से 16 रुपये किलो पर आ गया है, जबकि प्याज के दाम 40 से 50 रुपये किलो से घटकर 25 रुपये किलो हो गए हैं। पालक और मेथी के दाम फिलहाल 10 से 20 रुपये किलो तक ही बने हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं राजेश सोनकर, उपेंद्र कुमार साहू, गणेश, लक्ष्मी राम भाई, पायल, जनक, जग्गू आटी सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी का असर बढ़ेगा, वैसे-वैसे सब्जियों के दाम भी ऊपर जाएंगे। फिलहाल, सब्जियों की कीमतों में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं हुई है। गर्मी के मौसम के शुरुआत में ही मटर की उपलब्धता कम हो गई है।



### थोक व चिल्लर कीमतों में भारी अंतर

दल्लीराजहरा के विभिन्न चौराहों पर ठेलों पर बिकने वाली सब्जियों के दाम न्यू सब्जी मंडी के मुकाबले दोगुने होते हैं। ठेले वालों का कहना है कि दामों में अंतर सब्जियों की गुणवत्ता और भाड़े के खर्च पर निर्भर करता है। वे बताते हैं कि वे घर-घर सब्जियां पहुंचाते हैं, जिससे ग्राहकों का समय और पेट्रोल बचता है। दल्लीराजहरा सब्जी मंडी में 26 मार्च 2025 को सब्जियों के दामों में उतार-चढ़ाव देखा गया। उदाहरण के लिए, टमाटर की कीमतें 430 से 600 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं, जबकि खीरा 425 से 700 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बिका। कुल मिलाकर, वर्तमान में हरी सब्जियों की कीमतों में कुछ राहत मिली है, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टि से कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।

# रेंगाडबरी के ग्रामीण लो वोल्टेज की समस्या से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

- अधिकारियों से भेंट कर समस्या का हल करने का किया आग्रह

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के ग्रामीणों ने डौण्डीलोहारा जेई अंजली ठाकुर एवं एई कुबेर मरकाम से मुलाकात की। इस दौरान बिजली की लो वोल्टेज की समस्या को लेकर उनसे चर्चा कर समाधान का आग्रह किया।

ग्रामीणों ने बताया कि बाजार चौक में व्यापारियों ने ज्यादा समस्या बताई है। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी प्रकार की मशीनरी बिजली से संबंधित उपकरण जैसे फ्रिज, कूलर, पंखा, वेल्डिंग मशीन एवं नल चालू नहीं होना भारी समस्या का कारण बना है। इसी तरह पीने के लिए पानी दूर-दूर से लाना पड़ता है, जिसके कारण आम जनता दैनिक दिनचर्या से परेशान है। ग्रामीणों की शिकायत पर एई ने समाधान के संबंध में बताया गया कि 11 केवी की नई लाइन की व्यवस्था की जा रही है, जिससे लो वोल्टेज की समस्या न हो और पर्याप्त वोल्टेज मिल सके। इसी तरह रेंगाडबरी के बिजली ऑफिस के पास नए ▶▶| शेष पेज 13 पर



जिला मुख्यालय के बाजारों में 120 से 200 रूपए तक बिक रहा

# बाजार में पहुंचा फलों का राजा आम लेकिन अभी केवल खास तक पहुंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के बाजारों में अप्रैल, मई, जून की गर्मी में आने वाले फलों के राजा आम ने मार्च माह के आखिरी दिनों में अपनी दस्तक दे दी है। आम बाजार में फलों के शौकीनों को आकर्षित कर रहा है। इन दिनों 120 से 200 रूपये किलो के भाव में उपलब्ध आम खास लोगों की पसंद बना हुआ है।

फलों का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। हर मौसम में फल आते हैं, जिसका सेवन स्वास्थ्य के लिए रामबाण से कम नहीं है। वहीं, डाक्टरों का कहना है कि सर्दी में इम्युनिटी बढ़ाने मौसमी फल काफी मददगार होते हैं। मजबूत इम्युनिटी शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाते हैं। सदएँ में सीजनेबल फल संतरा प्रमुख रूप से है। इसे दिन में सेवन करना चाहिए। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट और विटामिन सी जैसे गुण पाये जाते हैं। आलूबुखारा एंटी आलूबुखार ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। वही सर्दी में इसके सेवन से शरीर को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही गमएँ के दिनों में आम, तरबूज, अंगूर, तेंदू और ककड़ी जैसे फलों को खाना चाहिए जो गमएँ के मौसम में शरीर में पानी की कमी नहलृ होने देता है।



### इन दिनों बाजार में फलों की कीमत

फल व्यवसायियों ने बताया कि विदेशी सेब की कीमत 320 रूपये किलो है। वहीं देशी एप्पल 200 से 400 रूपये किलो में उपलब्ध है। अभी आम बाजार में आ गया है। इसकी कीमत 120 से 250 रूपये किलो है। ड्रेगन फल 50 रूपये नग, नाशपत्ती 180 रूपये किलो, अनार 200 रूपये, संतरा 100 रूपये किलो, अंगूर 100 रूपये किलो, मौसंबी 100 रूपये किलो, कत्र्ऋृलदर 50 रूपये नग, केला 50 से 60 रूपये दर्जन और पाइन एप्पल 100 रूपये नग बिक रहा है। फल व्यवसायीयो ने बताया कि वर्तमान अंगूर तरबूज की अधिक मांग है वही आम भी अब बाजार आ गया है तो अब उसका भी मांग बढ़ने लगा है।

## खबर संक्षेप



### बजट के पहले पार्षदों की बैठक

**दुर्ग।** आगामी 28 मार्च को आयोजित बजट बैठक में आय व्यय पत्रक 2025 –26 को पारित कराकर शहर विकास की रफ्तार बढ़ाने भाजपा के सभी पार्षदों की संयुक्त बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के प्रमुख रूप उपस्थिति आयोजित बैठक की अध्यक्षता महापौर अल्का बाघमार ने की बैठक में जिला अध्यक्ष ने सभी पार्षदों को शहर विकास के लिए चर्चा में भाग लेते हुए एकमत होकर बजट पारित कराने में महापौर परिषद का सहयोग करने के निर्देश दिया। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, वित्त व लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे सहित सभी एमआईसी सदस्य व पार्षद गण मौजूद थे। बैठक का संचालन भाजपा प्रवक्ता व पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने किया।

### नदी रोड पर कचरा डंपिंग से बढ़ी परेशानी-वोरा

**दुर्ग।** ट्विनसिटी को पेयजल उपलब्ध कराने वाली शिवनाथ नदी के पास नगर निगम द्वारा कचरा डंपिंग से आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस विषय पर पूर्व विधायक अरुण वोरा और पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा को अवगत कराया। नागरिकों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों और मुक्तिधाम आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आग जलने से अभी भी यहां धुआं उठ रहा हैं, यह धुआं खतरनाक हैं। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार साहू ने नगर निगम से तत्काल आवश्यक कदम उठाने की अपील की। आर.एन. वर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कचरा निष्पादन की सही व्यवस्था होनी चाहिए।

# बिजली में फूंक रहे लाखों, लेकिन शहर से गांव तक सड़कों में अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग और नगरनिगम द्वारा बिजली लगाने के नाम पर लाखों रूपए फूंके जा रहे है। लेकिन इससे मिलने वाला लाभ आम लोगों को नही मिल रहा है, बल्कि रात के अंधेरे में ही लोगों को सडको से गुजरना पड रहा है। लाखों व करोडों रूपए खर्च करने वाले अफसरों को इस बात की फिकर नही है कि, उनके द्वारा लगाई गई लाइट जल रही या नहीं।

हाल ही में नगरनिगम द्वारा पटेल चौक से रेल्वे स्टेशन जाने वाले सडक में डिवाइजर के बीच पोल लगाए गए है। पोल लगाने के बाद यहां लाइट भी लगा दिए गए। लाइट लगे महज पन्द्रह दिन हुए होगें। वर्तमान में यहां अधूरा और एक भी लाइट नही जल रही है। लोगों के बीच चर्चा है कि, जब सुविधा ही नही देनी थी तो लगाए क्यो गए। यही हाल पुलगांव मिनीमाता चौक से दुर्ग बायपास तक बनी हुई है। यहां भी पुलगांव चौक से बाइपास तक पोल में ही विद्युत यांत्रिकीय विभाग की लाइटे शोभा बढा रही है। जबकि यह नेशनल हाईवे है। यहां बडी से लेकर छोटे वाहन चलते है। रात में अंधेरे के बीच यहां वाहन चालक सफर करते हैं। पुलगांव के आगे मवेशी के होने से आय दिन दुर्घटना होती है। जिसका प्रमुख कारण सडक की लाइट नही जलना है। बुनियादी सुविधा देने के बजाय सडक दुर्घटना रोकने ऐसे में यह नाकाफी साबित हो रही हैं।

## अंधेरे के साए में आम आदमी और प्रशासन हो गया बेपरवाह


पुलगांव से बाईपास रोड।

### पुलगांव से अंडा तक भी अंधेरा

पुलगांव से अंडा तक करीब 12 किमी की फोरलेन सडक के लिए 430 लाख का विद्युत कार्य कराया जाना है। वही मैत्री गार्डन चौक से ग्राम देवादा फुंडा करीब 23 किमी के लिए 835 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पत्र लिखा गया है। लेकिन अब तक राज्य शासन द्वारा स्वीकृति नही दिए जाने से यहां लाइट नही लगी हैं। पुलगांव से अंडा तक सडक बनाने के प्रस्ताव के साथ बिजली का प्रस्ताव बनाना था। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की अनदेखी से आम लोगों को खामियाजा भुगतना पड रहा हैं।


पटेल चौक से रेलवे स्टेशन रोड।

**तैयारी :** वर्ष 2017 के आधार पर चल रही रजिस्ट्री दर में कलेक्टर गाइड लाइन


# विकसित इलाकों में महंगी होगी जमीन, सर्वे करने गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले आठ साल बाद अब जमीन की कलेक्टर गाइड लाइन दर बढने से जमीन महंगी हो जाएगी। अप्रैल माह से नए कलेक्टर दर लागू किए जाने के पहले सर्वे चल रहा है। सर्वे में खासतौर पर ऐसे इलाको की पडताल शुरू हो गई है। जहां पिछले आठ साल में अधिक जमीन बिकी हुई है। ऐसे विकसित इलाको में कलेक्टर दर बढ सकते हैं। जिला मूल्यांकन समिति ने आगामी 31 मार्च के पहले राजस्व विभागों से प्रस्ताव मांगे गए है। हांलाकि प्रस्ताव तैयार नही होने से मई माह में नई दर लागू हो सकती हैं।

पिछले साल में एक भी बार सर्वे नही हुआ था। लेकिन इस बार राज्य शासस के सर्वे कराने के प्रयास के चलते ऐसा माना जा रहा है कि, इस बार सरकारी दर बढ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2017 में राज्य में भाजपा की सरकार रही है। उस दौरान कलेक्टर दर लागू किए गए थे। वही 2018 में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई, जिसके बाद से कलेक्टर दर अभी तक नही बढे हैं। लेकिन भाजपा की सरकार ने कलेक्टर गाइड लाइन बढाने की कवायद शुरू कर दी हैं। सर्वे के लिए बकायदा राज्य शासन द्वारा प्रारूप भी जारी किए गए है। जिला मूल्यांकन समिति ने पंजीयन कार्यालय की ओर से राजस्व विभाग के तहसीलदार, पटवारियों से लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व प्रधानमंत्री सड़क योजना से डेवलपमेंट एरिया, प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी मंगाई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आठ साल बाद जमीन के सरकारी दामों में बड़ा अंतर लाया जाएगा।

## विकास होने वाले इलाकों पर फोकस, मई में हो सकते हैं नई दर लागू



### इस बार मई में लागू होंगे नई दरें

हर साल नया कलेक्टर दर एक अप्रैल से लागू हो जाता था। लेकिन इस बार अब तक प्रस्ताव नहीं आने के कारण माना जा रहा है कि, पूरी प्रक्रिया अप्रैल में चलेगी और नया दर मई माह में लागू होगा। उप जिला मूल्यांकन समिति स्तर 31 मार्च तक प्रक्रिया पूरी करने कहा है। इसी तरह जिला मूल्यांकन समिति को 15 अप्रैल तक प्रस्ताव तैयार कर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजना है। कहा गया है कि, सिंचित भूमि से असिंचित भूमि की दर दस फीसदी कम होने चाहिए।

### विभागों से भी मंगाए गए प्रस्ताव

जमीनों के नई गाईड लाइन दर चार कालम के प्रस्तावित करने कहा गया है। इसमें हेक्टेयर एवं वर्ग मीटर में अचल संपत्ति मुख्य मार्ग पर स्थित, मुख्य मार्ग से अंदर है, इसको ध्यान में रखकर प्रस्ताव करने कहा गया हैं। वही किन-किन जगहों पर डेवलपमेंट हो रहा है और कहां-कहां जमीन की कीमतों में वृद्धि किया जा सकता है। इस पर फैसला लिया जाएगा। सर्वे में राजस्व विभाग से तहसीलदार, पटवारियों से जानकारी मंगाई गई है। इसके आलावा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से आगामी दिनों में नए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी मांगी गई हैं, वहीं नगर निगम सहित पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री सडक योजना से भी यह जानकारी मांगी गई हैं। जिसके अनुसार वहां के जमीन की गाईड लाइन दर में वृद्धि की जाएगी।

### कालोनियों की चौड़ी सड़क मानी जाएगी मुख्य मार्ग

जारी किए गए प्रारूप में कहा गया है कि, किसी रिहायसी कालोनों या मुहल्ले में 40 फीट से अधिक चौड़ाई की सड़क मुख्य मार्ग मानी जाएगी। इसके आलावा इससे कम चौड़ाई की सड़क जो दो इलाकों को जोड़ने वाली परंपरागत सड़क के रूप में प्रयुक्त होती हो, वह भी मुख्य मार्ग मानी जाएगी। रोड से लगकर स्थित व्यावसायिक कान्प्लेक्स या आवासीय काम्प्लेक्स के लिए केवल रोड का ही दर प्रस्तावित किया जाएगा।

### आईआईटी और अमलेश्वर में अधिक रजिस्ट्री

दुर्ग जिले में रायपुर से लगे अमलेश्वर में अधिक रजिस्ट्री होती है। वहां बिल्डरों द्वारा नए-नए प्रोजेक्ट लांच किए गए है। जिसके कारण हर साल वहां अधिक रजिस्ट्री होती है। ऐसे में इन इलाको में दर बढ सकते है। वहीं पिछले दस सालों में भिलाई आईआईटी के आस-पास के इलाको में अचानक रजिस्ट्री में बढोत्तरी हुई है। इसके अस्तित्व में आने से बेमेतरा धमधा रोड में प्लाटिंग का कार्य जोरो पर है। इसके आलावा शहर में बोरसी, उतई, पाटन वाले मार्ग में विकास हो रहा हैं। वही पुलगांव में बडे बडे व्यवसायिक कांप्लेक्स बन रहे है। पुलगांव से लेकर दुर्ग बाईपास मार्ग और बालोद रोड अंडा तक विकास में तेजी आई है। इनवेस्टरों की नजर भी इन्ही इलाको पर है। इल इलाको में तेजी से जमीन की खरीदी बिक्री भी हो रही हैं।

# खेलगांव खम्हरिया में जिला स्तरीय खेलकूद संपन्न



**दुर्ग।** खेलगांव खम्हरिया के खेल मैदान में नेहरू युवा केंद्र दुर्ग नितिन शर्मा ( जिला युवा समन्वयक) एवं बालकदास डहरे व आयोजन प्रभारी खेल प्रशिक्षक संकल्प स्पोर्ट्स एंड कल्चर संगठन खम्हरिया की कुशल निर्देशन में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया की प्रथम महिला नागरिक सरपंच दुलारी देशलहरे (एडवोकेट जिला न्यायालय दुर्ग) अध्यक्षता टीकाराम साहू (उपसरपंच खम्हरिया) हरीश कुर्रे (पंच), आशीष चंद्राकर (पंच), शेषनारायण पटेल ने कार्यक्रम की शुरुआत किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि दुलारी देशलहरे ने कहा खेलकूद में अनुशासन बनाए रखते हुए खेलकूद को खेलभावना के साथ खेलनै के लिए प्रेरित किया, आज के युग में युवा खेलकूद से नौकरी पा रहे हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रद्धा पुरेन्द्र साहू (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग) उपस्थित रहीं। अध्यक्षता टीकाराम साहू (उपसरपंच खम्हरिया) विशेष अतिथि चंदप्रकाश टंडन (वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व उपसरपंच खम्हरिया), तरूण साहू (प्रदेश अध्यक्ष-स्टील बर्तन बैंक) मोनू बंजारे (सामाजिक कार्यकर्ता) उपस्थित रहे।

### मां कर्मा के नाम डाक टिकट का विमोचन

**दुर्ग।** तैलिक वंश की अधिष्ठात्री कुल देवी भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने शुभकामनायें दी। कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में साहू समाज द्वारा आयोजित महोत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा साहू समाज के आराध्य माता कर्मा के जीवन से आत्मबल, परोपकार, समाजिक समरसता, निर्भीकता, समानता, दया, करूणा, भक्ति और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है। भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी में माता कर्मा को समर्पित डाक टिकट का भव्य विमोचन करने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह डाक टिकट न केवल श्रद्धा की प्रतीक ही नहीं बल्कि माता कर्मा के त्याग और समर्पण को अमर करता है, बल्कि साहू समाज के गौरवपूर्ण इतिहास और सांस्कृतिक परंपरा को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्रदान करता है।

# पटेल चौक से तहसील कार्यालय तक निगम के अमले ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शहर के पटेल चौक मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा मंगलवार को अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। पटेल चौक क्षेत्र

- 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया गया

के आस पास, पुराना दुर्ग थाना के पीछे, चंडी मंदिर क्षेत्र के आस पास के अलावा वार्ड 21 के आस पास से सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

कार्रवाही लगभग 3 घंटे चली इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी परमेश्वर कुमार, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित तोड़ू दस्ता अमले के साथ पहुंचे। इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस भी दी गई। पटेल चौक क्षेत्र पुराना दुर्ग थाना के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा, सड़क किनारे बांस बल्ली से तंबू लगाकर दुकान कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। मुख्यमार्ग के सामने फुटपाथ मोबाइल कवर दुकान, कपड़ा बेचने वालों सहित ठेले खोमचे को हटाया गया। अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती की कार्रवाही करने चेतावनी दी गई। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि दुकान के बाहर सामान को सजाकर सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नहीं तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाही के दौरान निगम तोड़ू दस्ता अमला मौजूद रहें।

# बीएमएस ने मनाया स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग द्वारा स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस को भारतीय मजदूर संघ द्वारा सर्वपंत समादर दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यालय दुर्ग में विभिन्न धर्म के अनुयायियों के उपस्थिति में गणेश शंकर विद्यार्थी जी बलिदान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में नलनीश मिश्रा ने कहा कि, विश्व समुदाय के विकास और देश के विकास के लिए शांति बहुत आवश्यक है इसके लिए सभी को एक दूसरे के धर्म का सम्मान करना चाहिए स्व गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने 1931 में कानपुर में फैले दंगे को रोकने के लिए बहुत प्रयास किया और जिसमें वह स्वयं शहीद हो गए जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि आज पूरे विश्व में धार्मिक कट्टरता विश्व की शांति के लिए खतरा बन चुकी है। समाज में हमारे देश में सभी को अपने धर्म को मनाने की स्वतंत्रता है परंतु धार्मिक सद्भावना रखना भी जरूरी है। भारत में सभी धर्म के मानने वाले लोगों के रहने के बाद भी सभी एकजुट के साथ शांति के साथ रहते हैं आज देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज के कार्यक्रम में गुरिंदर पाल सिंह, जतिन सिंह रंधावा, जमील भाई, कृष्णा कुमारी जिला स्तरीय मदर टेरेसा पुरस्कार से सम्मानित, मेरी पुष्पा राज्य स्तरीय मदर टेरेसा पुरस्कार से सम्मानित, सोमा हेमलता, एस मरियम, एस अभिषेक देवेंद्र कुमार चंद्राकर, यशवंत राव, वाल्मीकि सिंग, संजय कुमार गुप्ता और अन्य सदस्य शामिल हुए।

# एक करोड़ से 10 वार्डों में बनेंगी सीसी रोड, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 22 वार्डों में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से 702 नये विद्युत पोल लगाने स्वीकृति मिली है, जो कल से लगना प्रारंभ हो जाएगा। करीब 1 करोड़ की लागत से 10 वार्डों में आवागमन को सुगम हो इसके लिए सीमेंटीकरण सड़क बनाने सहित शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक गजेन्द्र यादव ने आज भूमिपूजन किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, नये बसाहट वाले कॉलोनी में अभी तक पोल व लाईन विस्तार नहीं होने से विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन में व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। विद्युत पोल सह लाईन विस्तार किये जाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव से मांग किये थे। जिस पर स्वीकृति दी गई। शहर के आउटर में बने कॉलोनी में लाइन विस्तार की लंबित मांग पूरी हुई, नये बिजली पोल लगाने के लाखों की खर्च से नागरिकों को राहत मिलेगी। विद्युत विभाग के इंजिनियर ने बताया कि, विधायक की पहल से मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने 3 करोड़ 47 लाख की लागत से 58 स्थान पर कार्य होंगे। 10 नये ट्रांसफार्मर, 6 की लोडिंग क्षमता बढ़ाने, 27 किमी एटी लाइन का विस्तार करने और 702 नये बिजली पोल लगाये जायेंगे।

- 10 नये ट्रांसफार्मर भी लगेंगे



### इन वार्डों में बनेंगे सड़क

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए स्वीकृत हुए राशि से सीसी रोड बनाया जायेगा। वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25 में सीमेंटीकरण सड़क बनाने भूमिपूजन किया गया। इन वार्डों में सड़क जगह जगह गड्ढे हो गए थे आवागमन में परेशानी की समस्या से निजात पाने वार्ड के नागरिकों ने मिलकर विधायक को समस्या बताई थी, सड़क बन जाने से वार्ड के नागरिकों का आवागमन सुगम हो जायेगा। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव ने इंजिनियर को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने निर्देश दिए।

## माता कर्मा की 1009वी जयंती में उमड़े सैकड़ों

# भक्त कर्मा माता की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



साहू समाज की अराध्य देवी माता कर्मा जी 1009 वी जयंती के अवसर पर आज जिला साहू संघ

- मां कर्मा के कार्यों को सराहा गया

केलाबाड़ी दुर्ग में भगवान श्री कृष्ण और कर्मा माता जी के मंदिर में पूजा अर्चना की गई एवं खिचड़ी का भोग लगाया गया।

भक्त माता कर्माजी का जन्म-संवत 1073 में चैत्र कृष्ण पक्ष की पाप मोचनी एकादशी के दिन हुआ था। मां कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी की गाथा जन-जन मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। इस अवसर पर जिला साहू संघ के सलाहकार राजेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष, रागिनी साहू, दिव्या कलिहारी, महासचिव राकेश साहू, अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू,मीडिया प्रभारी राकेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, यतीश साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, न्यायप्रकोष्ठ जेपी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक चौधरी, देवेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, जिला साहू संघ के सलाहकार राजेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष, रागिनी साहू, दिव्या कलिहारी, महासचिव राकेश साहू, अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, यतीश साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, न्यायप्रकोष्ठ जेपी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक चौधरी, देवेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष पोषण साहू थे।

### भव्य विशाल आयोजन होगा

इस अवसर जिला साहू सदन में जिला संघ के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू द्वारा बताया गया कि, 13 अप्रैल को दुर्ग के मानस में भव्य विशाल रूप में जिला स्तरीय कर्मा जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 1001 कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी एवं अतियो का उदबोधन होगा एवं समाज रत्नों का सम्मान होगा।

# ट्रचिंग ग्राउण्ड में स्थापित ट्रॉमेल मशीन से कचरे का निष्पादन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के अंतर्गत पोटिया स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड में लगभग 1.50 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित ट्रॉमेल मशीन से वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निष्पादन प्रारंभ हो गया है।

- 1.50 करोड़ की लागत से स्थापित की गई मशीन

ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में कचरों की निष्पादन की कार्ययोजना नगर निगम दुर्ग द्वारा तैयार की गई है। निगम द्वारा उक्त कार्य हेतु मेसर्स मेकॉफ इंडिया लिमिटेड भोपाल एजेंसी को कार्यादेश जारी किया गया है। साथ ही एजेंसी को वर्षाऋतु के पूर्व कार्य पूर्ण करने आदेशित किया गया है। एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में रखे गये कचरे को



वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन के साथ शहर से उत्पादित कचरों का भी निष्पादन किया जा रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में उक्त यूनिट के लगने और कचरों के नियमित निष्पादन से क्षेत्र में वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।निगम कमिश्नर श्री अग्रवाल ने बताया कि, पोटिया स्थित 47000 क्यूबिक मीटर कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा। इसके लिए ट्रॉमेल मशीन लगायी गई है जो कि कचरे को सेग्रीगेट करके प्लास्टिक, इनर्ट मटेरियल, आरडीएफ, बायो डिग्रेडेबल कचरा को अलग-अलग करेगी। आरडीएफ के निष्पादन के लिए सीमेंट फैक्ट्री से एमओयू किया गया है।

# तुषार सिंह बने सर्व समाज संगठन के सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रगति भवन ऑफीसर्स एसोसिएशन बिल्डिंग सिविक सेंटर भिलाई में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमे तुषार सिंह डीजीएम भिलाई को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का संरक्षक सदस्य बनाया गया। उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष एनके बंछोर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भानु प्रताप यादव उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## इस्को को मिला कॉर्पोरेट उत्कृष्टता अवार्ड

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान सेल कॉर्पोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 और 2024 प्रदान किए। यह पुरस्कार कंपनी के उन संयंत्रों एवं इकाइयों और कार्मिकों को प्रदान किया गया। इस्को इस्पात संयंत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र को क्रमशः वर्ष 2022-23 और 2023-24 के प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ इस्पात संयंत्र का पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए, सर्वश्रेष्ठ संयंत्र/इकाई (एकीकृत इस्पात संयंत्रों के अलावा) का पुरस्कार सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सेट) और मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई) को प्रदान किया गया । कार्यक्रम मे सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश समेत सेल के निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## महिला बाल विकास मंत्री से मुलाकात



**भिलाई।** प्रदेश की महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से प्रदेश के भाजपा नेता राम कुमार ने मुलाकात किया। इस दौरान राम ने बताया कि मंत्री को समाजिक कार्यो को लेकर अवगत कराया गया है। जिले के महिला बाल विकास विभाग के कार्य और समाज की महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने की बात उन्हें कही गई है।

## हायर पेंशन के दावों का जल्द हो निपटान

**भिलाई।** ऑल इंडिया कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ ईपीएस पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सांसद विजय बघेल से हायर पेंशन के दावों के शीघ्र निपटान की मांग की गई है। सांसद के निजी सहायक को सौंपा गया। ईपीएफओ द्वारा पेंशन भोगियों के साथ ठगी और भारत सरकार की पूर्ण उदासीनता के खिलाफ देशभर के सांसदों के माध्यम से सौंपा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में बृजेंद्र तिवारी, पीआर वर्मा ,पीसी शर्मा, अब्दुल अजीम, श्यामलाल साहू ,योगेंद्र शर्मा आदि शामिल थे।ज्ञापन में इपीएस पेंशनर्स के प्रति केंद्र सरकार के रवैया पर गहरा रोष जाहिर करते हुए मांग किया गया है कि न्यूनतम पेंशन ₹9000 डीए के साथ प्रतिमाह भुगतान किया जाए । उचित मूल्य की दुकानों से आवश्यक वस्तुएं देने, यात्रा में रियायत दिया जाए तथा निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, इपीएस 95 योजना में सितंबर 2014 से लागू ई 609 के तहत किए गए परिवर्तनों को रद्द किया करने की मांग की गई।

**पेज 11 के शेष**

## रेंगाडबरी के ग्रामीण ...

ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। नया ट्रांसफार्मर बाजार चौक में लगाने का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों से भेंट व चर्चा के दौरान जयेश जैन, संतोष गुप्ता, देवेंद्र निषाद, पाल सिंग यादव, महेंद्र निषाद, गोपाल सिन्हा, श्रवण निषाद, रेवा शंकर सोनी, निरंजन पडौती सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा हरिनाम संकीर्तन का किया जा रहा है आयोजन

# गुरुकुल कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को मिल रही है आध्यात्मिक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भगवद्गीता के शिक्षाओं को अपनाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा है, इस क्रम मे केन्द्र द्वारा गाँवों में हरिनाम संकीर्तन किया जा रहा है।

इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर, जो इस्कॉन रायपुर की एक शाखा है। इस्कॉन के संस्थापक आचार्य एसी भक्तिवेदांत स्वामी, सिद्धार्थ स्वामी महाराज के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा ग्रामीणों को श्रीमद्भगवद्गीता के शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस अभियान के तहत, हर रविवार को धोबनपुरी गाँव में हरिनाम नगर संकीर्तन और महा हरिनाम नगर संकीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु एकत्र होकर भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के पवित्र नामों का संकीर्तन करते हैं। संकीर्तन के पश्चात, गाँव के निवासियों को खिचड़ी





प्रसाद वितरित किया जाता है, जिससे प्रेम और सेवा का भाव प्रबल होता है। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर ने गाँवों में भक्ति वृक्ष कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है। यह साप्ताहिक आयोजन सबसे पहले गुरुर नगर में प्रारंभ किया गया है और इसके बाद धनोरा, धोबनपुरी, भरदा और अन्य गाँवों में इसका विस्तार किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में संकीर्तन और श्रीमद्भगवद्गीता पर चर्चा होती है, जिससे लोगों को एक सफल, आनंदमय और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

गुरुकुल कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा मिल रही है। आधुनिक युग में बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए, इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर ने गुरुकुल और वैदिक शिक्षा कक्षाओं की भी शुरुआत की है। केशव सखा दास के मार्गदर्शन में संचालित इन कक्षाओं का उद्देश्य बच्चों में धाणमक और नैतिक मूल्यों का विकास करना है, जिससे वे प्राचीन वैदिक ज्ञान के माध्यम से एक संतुलित और अनुशासित जीवन जी सकें।

### लगाई जा रही हैं भक्ति वृक्ष सभाएं और वैदिक शिक्षा कक्षाएँ

केशव सखा दास ने कहा इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर सभी को कार्यक्रमों में भाग लेने प्रेरित कर हरिनाम संकीर्तन, भक्ति वृक्ष सभाएँ और वैदिक शिक्षा कक्षाएँ लगा रहा है। ये सभी पहल श्रीमद्भगवद्गीता के शिक्षाओं को जीवन में अपनाने और एक शांतिपूर्ण, सार्थक व आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं।

# वैष्णव बंधुओं को समाज से जोड़ने बनाई गई कार्य योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बालोद जिला वैष्णव मंडल की बैठक का आयोजन दिनेश वैष्णव की अध्यक्षता में बुधवार को ग्राम गुजरा में किया गया।

इसमें समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए। जहां समाज को प्रगति पथ पर अग्रसर होने का वचन संकल्प लिया गया। नए सदस्यों को वैष्णव मंडल में जोड़ा गया। समाज के पदाधिकारी द्वारा समाज के विकास के लिए कार्य योजना तैयार किया गया। समाज से विमुख वैष्णव बंधुओं को भी समाज में जोड़ने हेतु कार्य योजना बनाई गई। मंडल के अध्यक्ष दिनेश वैष्णव एवं उपाध्यक्ष सत्येन्द्र वैष्णव के द्वारा सामाजिक पत्रिका के लिए कार्य योजना तैयार की गई। इसके लिए समाज के व्यक्तियों से अपने परिवार की जानकारी चाही गई है।

बालोद जिला में निवासरत सभी वैष्णव बंधुओं जो समाज की मुख्य धारा में जुड़ना चाहते हैं उन्हें सशर्त आमंत्रित किया गया है। वैष्णव मंडल की बैठक प्रतिमाह आयोजित की जाती है। उक्त बैठक में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने महिला व बाल विकास विभाग के कार्यों का किया अवलोकन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय कार्य के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग चाइल्ड लाइन का अवलोकन कार्य किया। समाजकार्य के छात्र छात्राओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अपने कार्य



और गतिविधियों के बारे से अवगत कराया। इस दौरान जिला कार्यकम अधिकारी आरके, जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय, केंद्र समन्वयक आशीष साहू, चंद्र प्रकाश पटेल चाइल्ड लाइन केस वर्क सीता ने जानकारी दी।

उन्होंने मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, संस्थागत सेवाएं, महिला सशक्तिकरण योजना के तहत मुख्यमंत्री कन्या विवाह, बाल विवाह, नोनी सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ बेटी बचाओ, एकीकृत बाल विकास सेवा, बालकों हेतु पुनर्वास समिति, मुख्य मंत्री बाल संदर्भ योजना, पोषण पुनर्वास चाइल्ड लाइन, 1098 टोल फ्री नंबर, बाल श्रमिक आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह के नेतृत्व में मनीष, मुकेश, विनय, लोकेश्वर, लिखेश्वर, लेमन, डामन, चंद्रशेखर, जितेश, प्रीति, नीरा, डोमेश्वरी, काजल सहित अनेक छात्र उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को विषय चयन और सत्त् आंतरिक मूल्यांकन पर दी गई जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा बालोद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रकोष्ठ द्वारा 'उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. समीर दशपुत्रे द्वारा द्वितीय सेमेस्टर में जीई एवं एसइसी विषय के चयन एवं सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा विद्याणथर्यो को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट खाता की जानकारी, महाविद्यालय में संचालित कौशल विकास क्षमता कार्यशाला में भाग लेने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ की सदस्य दीपिका कंवर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक डॉ. अरुणा साव, प्रभा शर्मा, डॉ. राजकुमारी गजपाल, विकास साहू, मनोज साहू, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एंबेसडर बीएससी से मुक्ता देवांगन, बीए से लोकेंद्र कुमार एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्राम गोड़री में पहली बार मनाई गई माता कर्मा की जयंती, निकाली गई शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती जिले के नगर सहित ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। जहां नगर सहित ग्रामीण अंचलों के साहू समाज द्वारा शोभायात्रा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लेकिन जिला मुख्यालय से महज 29 किलोमीटर दूर ग्राम गोड़री में बुधवार को पहली बार साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्राम के साहू समाज द्वारा शोभायात्रा एवं सम्मान समारोह आयोजित भी किया गया। शोभायात्रा में समाज की सैकड़ों महिलाएं पीले रंग की साड़ी पहन सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। समारोह में गांव के जनप्रतिनिधियों एवं पार प्रमुखों का सम्मान किया गया। भक्त माता कर्मा की आरती के बाद विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया और रात्रि में जस झांकी का मनमोहक प्रस्तुति हुई।

### सामाजिक भवन बनाने की मांग

कार्यक्रम के दौरान ग्राम गोड़री के साहू समाज लोगों ने कर्मा माता मंदिर और साहू समाज का भवन बनाने की मांग रखी गई। ग्राम गोड़री के साहू समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि गांव में समाज का न तो भवन है और न ही साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की मूर्ति। यह बात को कई बार जनप्रतिनिधियों और समाज में रखा गया और ज्ञापन भी सौंपा गया है, लेकिन इस कोई अमल अभी तक नहीं की गई।


**गांव में होली के 11 वें दिन धूर त्योहार मनाने की है प्राचीन**

# गोडरी में धूमधाम से मनाया गया धुर त्योहार, जमकर बरसे रंग, उड़े गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम गोडरी में होली त्यौहार के बाद 11 वे दिन धूर त्योहार मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। जहां होली के 11 वे दिन सोमवार को होली त्यौहार की तरह ही गांव में धूर त्योहार धूम धाम से मनाया गया। गांव में लोगो ने एक दूसरे को रंग व अबीर लगाकर धूर त्योहार की बधाई दी। वही इस त्यौहार में सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में रहा। बच्चों ने एक दूसरे को पिचकारियों से धार मारकर अपनी खुशी का इजहार किया।

दोपहर होने तक रंगों की बरसात होती रही। युवाओं की टोलियां दिन भर वाहन यहां वहां दौड़ाती रही। घरों में महिलाओं ने भी जमकर रंग खेला। बता दें कि यह त्यौहार डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम जुन्नापानी में भी मनाया जाता है। लेकिन वहां होली त्योहार के तीसरे दिन धूर त्योहार धूम धाम से मनाया जाता है। धूर त्योहार को गांवों में छोटी होली भी कहते है।



### फाग गाते निकली युवाओं की टोली

धूर त्योहार पर गोडरी में सुबह से ही ढोल मजीरे की थाप पर फाग गाते हुए युवाओं की टोली गांव में भ्रमण पर निकल गई। मित्रों व चाहने वालों को रंग में सराबोर कर सभी ने खूब लुत्फ उठाया। धूर त्योहार पर बच्चों सहित बुजुर्गों का उल्लास देखते ही बन रहा था। नीला पीला हरा गुलाबी कच्चा पा रंग से रंगे नागरिक गले मिलकर एक दूसरे को बधाईयां दी। महिलाएं भी ग्रुप बनाकर धूर त्योहार खेलीं। सुबह से देर शाम तक लोग धूर त्योहार के रंगों में रंगे रहे। वहीं, धूर त्योहार में डंडा नृत्य का भी आयोजन रखा गया था जिसे देखने लोग बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे।

### पारंपरिक व्यंजनों की महक से महका गांव

होली महापर्व की तरह धूर त्योहार में भी घरों में लोगों द्वारा पारंपरागत तरीके से भजिया, बड़ा, पूड़ी, खीर सहित तमाम प्रकार के पकवान तैयार किये गये थे। इस दौरान घर के सदस्यों ने होली समारोह में आए अतिथियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया व उन्हें पकवान खिलाए।

### ग्राम गैंजी में रामचरित मानस कार्यक्रम में घनाराम ने की व्याख्या

# संसार के लोग मोह रूपी दुख से पीड़ित हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम गैंजी में रामचरित मानस का संगीतमय आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्याकार घनाराम ठाकुर ने कहा कि इस संसार के लोग मोहरूपी दुख से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि इस मोह को त्याग देने से स्वयं को बचाया जा सकता है।

इस संसार में सभी व्यक्ति माया मोह अहंकार काम क्रोध यश अपयश निंदा स्तुति रूपी रस्सी के बंधन में बंधे हुए हैं। इसमें उन्हें क्षणिक मात्र सुख या लाभ भले ही प्राप्त हो जाए, परंतु स्वरूप विवेक और आत्म संतोष रूपी मूल धन से वंचित रह जाते हैं। जगत के समस्त जीव तेरा मेरा अपना पराया और राग द्वेष में ही पड़कर सभी प्राणी उलझे हुए हैं। उसी सांसारिक माया के कारण बार-बार मां के गर्भ में आते जाते रहते हैं। जीव तरह-तरह के रूप रंग



रखकर संसार में अनेकों कर्मो के खेल खेलते रहते हैं और कमल के फूल में फंसे हुए भौंरे को हाथी द्वारा चबाए जाने जैसे मोह माया के वशीभूत होकर मर जाते हैं। उन्होंने कहा कि जन्म लेना, मरना पुनः योनि में जाना, यह क्रम चलता रहता है और इसी जन्म मरन के प्रवाह में बहते हुए स्वप्न में भी क्षणिक मात्र सुख की प्राप्ति नहीं कर पाते। किंतु, देह ग्रंथि में पड़कर मनुष्य कष्ट दुख और संताप ही पाते हैं। ऐसे व्यक्तियों को सत्य का उपदेश से या ज्ञान से संतुष्टि दिलाने वाले सदगुरु भी प्राप्त नहीं होते, अर्थात समस्त संसार मेरे तेरे और राग द्वेष में जल रहे हैं। ऐसे झूठे स्वार्थ एवं अहंकार को बार-बार धिक्कार हैं, ऐसे में झूठ की आश लगाए बैठे रहते हैं और भोगों की आशा लगाए रहते हैं।

### लंकापति रावण का हुआ नाश

संत कहते हैं कि जिस आत्म कल्याण के लिए लोग एक घेरा बना लेते हैं, तो उन्हें सफलता नहीं मिलती, क्योंकि यह मान्यता ही गलत है। यहां तक कि अच्छे-अच्छे ज्ञानी महापुरुष भी इस माया से बच नहीं पाते हैं। साधारण व्यक्ति की तो बात ही नहीं है। राम चरित मानस में महाज्ञानी महापंडित महायोगी लंकापति रावण को सूर्पनखा द्वारा भी रावण के समक्ष राम के नाम की कथा कही, जिसे सुन कर रावण के मन में राम के नाम के स्थान पर काम भाव जागृत हो गया, जिसके कारण ऐसे प्रतापी लंकापति रावण का भी नाश हो गया। इस कार्यक्रम में वैध घनाराम ठाकुर, पुरन लाल चुरेंद्र, राम निवास नायक, हरी पटेल, डामन लाल ठाकुर, लेखराम भरतद्वाज, सेत कुमार रावते, तुला राम, किशन, मुकेश भरतद्वाज, भीखम सिंह रावते, जीवन लाल रावते, बृजलाल रावते, परमानंद रावते, पुन बाई रावते, लोकेश्वरी रावते व ग्राम वास उपस्थित रहे।

# कोसरिया मरार पटेल समाज का वार्षिक अधिविशन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तैयारियों को लेकर ग्राम परसोदा में हुई बैठक

छग कोसरिया मरार पटेल समाज सोरर राज द्वारा 11 अप्रैल को ग्राम परसोदा (झलमला) में मां शाकम्भरी कलशयात्रा वार्षिक अधिवेशन, होली मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने संरक्षक हरिशचन्द्र पटेल, अध्यक्ष भगवती पटेल एवं सचिव पुनीत पटेल की उपस्थिति में ग्राम परसोदा के सामुदायिक भवन में बैठक रखी गई।

जिला मीडिया प्रभारी चिमनलाल पटेल ने बताया कि बैठक में बड़ी संख्या में महिला,



पुरूष, युवक एवं युवतियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश ग्राम प्रमुखों को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा छग शासन होंगे, अध्यक्षता कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल करेंगे।

विशेष अतिथि कवर्धा पूर्व जिपं अध्यक्ष संतोष पटेल, गोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, परदेशीराम पटेल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। राजपदाधिकारियों ने अंतिम तैयारी की समीक्षा करने पुनः बैठक का निर्णय लिया गया। बैठक में दुलारसिंह पटेल, गोपाल पटेल, रोहित पटेल, शंकर पटेल, बलराम पटेल, विश्राम पटेल, तुलाराम पटेल, गिरधर पटेल, अन्तुराम काण्डेय, गंगा पटेल, खिलानंद पटेल, कीणत पटेल, साधुराम, जागेश्वर, चुरामन, योगेश, सुमेर पटेल, भगतराम पटेल, नरेश पटेल आदि उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## विस अध्यक्ष आज राजनांदगांव प्रवास पर

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 27 मार्च को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 27 मार्च को सुबह 10.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 12.15 से 1.15 बजे तक पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 4.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला आज

**राजनांदगांव।** नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला का आयोजन कल 27 मार्च को सुबह 11 बजे पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चन्द्राकर, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजिता पडोती, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष लता सिन्हा, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे।

## पेट्रोल डलवाने आए युवकों ने कर्मचारी से की मारपीट

**खैरागढ़।** जिला बनने के बाद भी केसीजी में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है, बल्कि शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे खुलेआम मारपीट और जानलेवा हमले कर रहे हैं। बुधवार दोपहर में शहर के रश्मि देवी फ्यूल पेट्रोल पंप पर दो बदमाशों ने एक कर्मचारी पर हमला कर दिया। यह पेट्रोल पंप कोई आम जगह नहीं, बल्कि कलेक्टर बंगले के पास स्थित है, जहां पुलिस की गश्त भी रहती है। बावजूद इसके अपराधियों ने सरेआम तांडव मचाया और पुलिस कहीं नजर नहीं आई। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो युवक स्कूटी से पंप पर पहुंचे, बिना किसी से पूछे खुद ही गाड़ी में पेट्रोल डालने लगे और जब कर्मचारी ने रोका तो बदमाशों ने उससे बहस शुरू कर दी और कर्मचारी पर हमला कर दिया। हमले के बाद कर्मचारी और उसका परिवार इतने डर गए कि उन्होंने पुलिस में शिकायत करने से ही मना कर दिया, लेकिन पेट्रोल पंप संचालक हरजीत सिंह ने हिम्मत दिखाई और फुटेज के आधार पर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

**आयोजन : जिला मुख्यालय सहित विभन्न स्थानों पर श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई जयंती**

# साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर निकाली कलश यात्रा, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

ग्राम भटगांव में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। साहू समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छाया चित्र पर पूजा अर्चना करते हुए पुष्प अर्पित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ उपाध्यक्ष धीराज सिंह साहू थे, अध्यक्षता पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भीखा राम साहू, सरपंच भारती साहू, उपसरपंच ताराचंद चतुर्वेदी, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष तरुण साहू, पूर्व सरपंच ज्ञानेश्वर साहू, प्रेम सिंह केसरिया, चंद्रेश जैन, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष मदन साहू थे।

मुख्यातिथि धीराज साहू ने कहा कि सभी को एक जुट रहकर समाज के विकास के लिए कार्य करना होगा। अध्यक्षता कर रहे थानसिंह मंडावी ने कहा कि भक्त माता कर्मा समाज सुधारक, धर्मात्मा और परोपकारी थी, भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थीं। ईमानदारी और धर्म के मार्ग पर चलकर उन्होंने समाज को दिशा दिखाई। कार्यक्रम को जनपद सदस्य चंद्राकर एवं सरपंच भारती साहू ने भी संबोधित किया।



### कलश सजाने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानि

मंच संचालन परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भीखा राम साहू ने किया। कलश यात्रा में जिसकी कलश अच्छी सजाई गई थी, उन माताओं एवं बहनों को पुरस्कृत किया गया। रात्रि में रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ साहू, परमानन्द साहू, लोमश कुमार, ख़ेमीन साहू, राधिका साहू, हेमलता महिपाल, चित्ररेखा, कुमारी साहू, ओकेश्वरी साहू, कुन्ती महिपाल, रति राम साहू, मोती साहू, दूज राम ठाकुर, सावित्री महिपाल, जाला बाई, चंद्रहास केसरिया, कपिल साहू, चंद्रभान महिपाल सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्राम मुढ़िया में निकाली गई शोभायात्रा



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कलश यात्रा निकाली गई। उसके बाद भक्ति माता कर्मा की आरती कर ध्वजारोहण किया गया। शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद किशोरी लाल साहू थे, अध्यक्षता तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य डौंडीलोहारा भूपेश कुमार नायक, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा पोषण बनपेल, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कसहीकला किसुन लाल साह, हरेश कौशिक, भुवनेश्वर लाल साहू, उमलू राम साहू, रामेश्वर साहू, यशवंत साहू, गौतम राम साहू एवं ग्राम वासि मुढ़िया उपस्थित थे। मानस मंडली के द्वारा रात्रि मे रामयण का कार्यक्रम हुआ।





### ग्राम पुरई में भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर बांटी गई खिचड़ी

अंडा। ग्रामीण साहू समाज ग्राम पुरई के तत्वावधान में साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती एवं भक्त माता कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बाजार चौक पुरई में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कर्मा माँ के मंदिर के समक्ष मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर खिचड़ी का भोग अर्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ पूसऊ राम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष खिलावान साहू, दयाराम साहू, उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, दीनानाथ साहू, द्वारिका साहू, भुनेश्वर साहू, राजेशवारी साहू, लखन साहू, मोहन साहू, सुरेन्द्र साहू, शंकर साहू, सुनीति साहू, कमला, सुनीता, सुमन साहू सहित ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी गण एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। सामाजिक भवन के कर्मा मंदिर में सुबह-शाम पूजा भी होनी चाहिए। केवल जयंती के दिन ही औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। हमें अपनी इष्ट देवी माँ कर्मा के त्याग, बलिदान, समाज व मानव सेवा से भी सीख लेनी चाहिए। समाज के लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ संस्कार भी देवें, क्योंकि संस्कारित व सुशिक्षित समाज ही उन्नति करता है। महोत्सव की शुरूआत शोभायात्रा निकालकर की गई। सामुदायिक भवन में समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मां कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद महाआरती व खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद महाप्रसाद खिचड़ी वितरण किया गया।



### ग्राम खलारी व पेंड्री में हुए विविध कार्यक्रम

**बालोद/सिकोसा।** कर्मा जयंती के अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू विभिन्न ग्रामों में अतिथि के रूप में शामिल हुईं। पापमोचनी एकादशी के अवसर पर साहू समाज की पुरोधा अराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर साहू समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा, महाप्रसादी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू ने ग्राम खलारी व पेंड्री में मुख्य अतिथि व नगर पंचायत पलारी में विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर माता कर्मा के संदेशों व कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, नाथूराम साहू, विजय साहू, माखन लाल साहू, कृष्णकुमार साहू, थानेश्वर साहू, जनपद सदस्य आशीष साहू, यानेश साहू, संतोष गंगबेर, गजेंद्र महमल्ला, डॉ राकेश साहू, लखनलाल गुरूपंच, तेजराम साहू एवं सामाजिक पदाधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मोहारा में साहू समाज ने शोभायात्रा निकालकर गांव का किया भ्रमण



**गुरुर।** ग्राम मोहारा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं और पुरुषों ने शोभायात्रा निकाली, जिसने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता ग्राम विकास समिति मोहारा अध्यक्ष भूषण लाल साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेश्वरी चंद्रहास नेताम, मीना साहू, दिनेश्वर सिन्हा, एवं समस्त पंचगन के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हमें समाज को संगठित रखना और संगठन के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने के के लिए कार्य करना है। सभी प्रकोष्ठों को अपना–अपना दायित्व का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने भक्त मा कर्मा की जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक एवं संगठन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर यत किशोर साहू, रोमलाल साहू, पर्मिला साहू, धर्मेंद्र कुमार तेल्यासी, वीरेंद्र कुमार कुवदादर, तुलाराम साहू, कमलेश्वर सोनवानी, संतोष बंनपेला, संतोष मोकम साहू, राजकुमारी गजीर, रुखमती गंजीर, छगनलाल साहू, केदार सोनवानी एवं पदाधिकारी गण, ग्रामीण साहू समाज मोहारा, पंच एवं गांव के वरिष्ठ जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूरन लाल साहू ने किया।

## भक्त माता कर्मा की जीवनी से चरित्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है : कामता



**जामगांव आर।** भक्त माता कर्मा की जयंती जामगांव आर में बड़े धूमधाम से मनाई गई। रात्रि में धूमाल दल के साथ भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई। समारोह में परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष

- जामगांव आर में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा की जयंती

कामता प्रसाद साहू, समाज सेवी पीतांबर साहू, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, उपसरपंच मुकेश साहू, स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष संतोष साहू, समाजसेवी नंदनी साहू, वाईके साहू, रामकृष्ण साहू, त्रिवेणी साहू, सुनीता साहू, डॉमिन साहू सहित समाजसेवी मंचासिन रहे। समाज के परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा की जीवनी से चरित्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। व्यक्ति को समाज में सहभागिता अदा करना चाहिए तभी समाज उन्नत बन पाएगा, जिसका लाभ भावी पीढ़ी को मिलेगा। संतान को संस्कार घर परिवार समाज से मिलता है। समाज के अभाव में व्यक्ति का जीवन नीरस हो जाता है, समाज आनंद का दरिया है। सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि माता कर्मा संस्कार की सागर है, चरित्र निर्माण की पाठशाला है। समाज से संगठन को शक्ति मिलती है। समाज के नवनिर्वाचित पंचों का सम्मान किया गया। समारोह में कोमल साहू, चतुर साहू, नंदकुमार साहू, किशोर साहू, दयानंद साहू, बुधारू साहू, पवन साहू, संतराम साहू, टेमन साहू, इतवारी साहू, जितेंद्र साहू, लीलाधर साहू, सीताराम साहू, दुजराम साहू, राजेंद्र साहू, रमन साहू, परमजीत साहू, गजानंद बहुर साहू, दिनेश्वरी साहू, पीलेश्वरी साहू, शांति, लोमिन साहू सहित नगर साहू समाज के सदस्य उपस्थित रहे।



## नवागांव में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती





**जामगांव आर।** भक्त माता कर्मा जयंती भव्य शोभा यात्रा के साथ नवागांव में मनाई गई। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू थीं। उन्होंने समाज के लोगों के साथ मां कर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महाआरती के बाद महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया।

जिला पंचायत सदस्य दुर्ग कल्पना नारद साहू इसके साथ ही नवागांव, धमना, गातापार, बासीन, बोरवाय, टेमरी, भनसुली, आगेसरा, कौही, आसोगा, औरी, किकिरमेटा में आयोजित कर्मा जयंती में भी शामिल हुईं। अतिथि मंच पर लालेश्वर साहू, टेसराम साहू, रामकुमार चंद्राकर, त्रिभुवन साहू, महेश साहू, कविता साहू, छगनलाल साहू, गजेंद्र साहू, सोमसिंह साहू, ढालसिंह साहू, त्रिभुवन साहू की उपस्थिति रही। जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने कहा कि माता कर्मा हमारी आदर्श हैं। आदर्शमय जीवन जीने के लिए माता कर्मा की जीवनी को पढ़ें व आचरण में उतारें, जीवन सार्थक बन जायेगा। जीवन जीने की सुलझी हुई राह मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि केवल मां कर्मा की जयंती मनाकर कर्तव्य की इति श्री नहीं करे। समाज के वरिष्ठ जनों ने भी माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रेमशंकर साहू, देवेंद्र साहू, चेतन साहू, मोतीलाल, योगेंद्र कुमार साहू, विष्णु साहू, अमरनाथ साहू, लोकेश साहू, रमाकांत साहू, कोमिन साहू, कोवेंद्र साहू, खोमलाल साहू, गजेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, अरुण साहू, नोमेश साहू, दिलीप साहू, रेवाराम साहू, देवसिंह, पिंकूराम, युवराज, लिलाधर साहू, लिना साहू, संतोष साहू, योगेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, पृथ्वी साहू, हुमन साहू, चेतन साहू सहित साहू समाज उपस्थित रहे।

## करियाटोला में कर्मा जयंती की धूम

**डोंगरगांव।** करियाटोला मे 26 मार्च को कर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। साहू समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर भ्रमण किया। समाजिकजनों भक्त माता कर्मा की विविधत पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि पार्षद लीलाराम मंडलोई थे। इस दौरान भीखम साहू, शेखर साहू, कमल साहू, भोमराय साहू, गणपत साहू, संपत साहू, नवीन साहू, जीवन साहू, मनीष साहू, संगम साहू, मोनू साहू, जीवन साहू, खेलन साहू, हरिशंकर साहू, चंदू साहू, महेंद्र साहू, ललित साहू, लोकेश साहू, जगदीश साहू आदि उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## ग्राम जेवरतला में भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**गुरूर।** ग्राम जेवरतला में लोकार्पण एवं कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान साहू समाज की कुलदेवी माता कर्मा की पूजा अर्चना कर आरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मंडावी थे, अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने की। अध्यक्ष तहसील साहू गुरुर महेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर दुर्गानंद साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर आशीष साहू, कोषाध्यक्ष तहसील साहू खेदूराम साहू, उपाध्यक्ष प्ररिक्षेत्रीय साहू समाज दयालू राम हिरवानी, नीलकंठ कुबेर, लिलेश्वरी साहू, डुमेन्द्र कुबेर, खोरबाहरा गंगबेर विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र और कलश को धारण किया। महिलाओं ने बजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। आयोजन में अतिथियों ने सामाजिक एकता पर बल दिया।

मोहन मांडवी ने कहा कि साहू समाज की कुलदेवी मां कर्मा ने अपने समाज की लिए जो त्याग किया है, उसे समाज कभी नहीं भूल पाएगा। उन्होंने नवधा रामायण के बारे में पूरा विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं एवं वृद्ध जनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर लखनलाल, डॉ राकेश सार्वा, दिनेश्वर साहू, भोज राम सोनबेर, किरण साहू, भगवान साहू, लाला साहू एवं पदाधिकारी ग्रामीण साहू समाज जेवरतला एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री नि:शुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport